an>

Title: Regarding issues relating to newly formed district Mungeli in Chhattisgarh.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर): माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपका अभिनंदन करता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया है। सम्मानीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में जो पूर्व एन.डी.ए. की सरकार थी, उसके कार्यकाल में विभिन्न प्रकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन इस देश के लिए हुआ था। साथ ही तीन राज्यों का गठन भी हुआ था, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य भी शामिल है। मैं इस सदन के माध्यम से सम्मानीय पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का अभिनंदन करना चाहता हूं।

हमारे छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद डॉ. रमन सिंह जी के नेतृत्व में 9 जिलों का निर्माण हुआ है। इन जिलों के निर्माण के बाद विकास की परिकल्पना आम लोगों तक पहुंच रही है। सम्माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी द्वारा जब से मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी के माध्यम से, रेडियो के माध्यम से किया जा रहा है, निरन्तर आम लोगों में रेडियो के प्रति आकÂ◌ा ग्रण बढ़ा है। साथ ही साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और मनोरंजन के साथ ही साथ जो आम लोगों की जानकारी और जागरूकता है, इसके माध्यम से बढ़ी है।

मैं बिलासपुर लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। बिलासपुर लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत मुंगेली, नवनिर्मित जिला है, जो मेरा गृह क्षेत्र भी है। मैं आपके माध्यम से सूचना एवं प्रसारण मंत्री से गुजारिश करूंगा कि वहां पर एफ. एम. बैंड रेडियो स्टेशन की स्थापना की जाए। धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Lakhan Lal Sahu.

12.30 hours

SUBMISSIONS BY MEMBERS â€¦.Contd.